# विधान सभा सचिवालय
# मध्यप्रदेश
# समाचार

## विधान सभा अध्यक्ष श्री तोमर ने प्रदेशवासियों को दीं दीपावली की शुभकामनाएं

भोपाल 19 अक्टूबर,2025

विधान सभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और सौभाग्य की मंगलकामना करते हुए दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

श्री तोमर ने अपने संदेश में कहा हमारे प्रदेश का प्रत्येक घर धन-धान्य से परिपूर्ण रहे तथा विघ्नों से दूर रहे। रोशनी एवं विजय का यह दिव्य और पावन पर्व सभी के जीवन से अंधकारों को मिटा दे। हर घर में दीवाली हो, हर घर में दीया जले। हर दीया घर - घर में सुख-समृद्धि की रोशनी लाए।

विस/जसं/25

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव